### एक नजर में

#### साडा एवं कंट क्षेत्र की सफाई को लेकर हुई बैठक

**पचमढ़ी.** आज साडा एवं केंट क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर छावनी परिषद कार्यालय में बैठक की गई जिसमें ठोस अपषिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत प्लांट का सामूहिक निरीक्षण किया गया तथा साडा क्षेत्र एवं सतपुडा टाईगर रिजर्व के पर्यटन स्थलों से एकत्र कचरे को भी केंट प्लांट में भेजा जा सके इस संबंध में भी चर्चा की गई। पचमढ़ी को पोलिथीन मुक्त बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। इसके अतिकरिक्त साडा की धर्मषाला को सम्पत्ति कर रिकार्ड मेंटेनेस फीस तथा गार्बेज कलेक्शन फीस से मुक्त रखने हेतु प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखने पर भी चर्चा की गई। उक्त बैठक में श्री राहुल गजभीय मुख्य अधिषासी अधिकारी छावनी परिषद श्री नीरज श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा पचमढी एवं श्री संजीव शर्मा सहायक संचालक सतपुडा टाईगर रिर्जव पचमढ़ी उपस्थित रहे।

# चार दिन से लापता हर्ष मीणा की मिली लाश

## हर्ष मीणा के मोबाइल की लोकेशन इटारसी के दयाल हास्पिटल वाले क्षेत्र में मिलने के बाद तलाश तेज हुई



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी/नर्मदापुरम, 22 अगस्त** विगत 18 अगस्त से लापता हासलपुर के हर्ष मीणा का शव होरियापीपर के पास मिला है। शव मिलने की सूचना के बाद इटारसी रामपुर पथरोटा देहात थाने के पुलिस बल को मुस्तैद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है, जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा है। रामपुर थाना प्रभारी के अनुसार होरियापीपर में युवक का शव होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम पहुंची थी। युवक की पहचान ग्राम हासलपुर के हर्ष मीणा के रूप में ही हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नर्मदापुरम भेज दिया है। बता दें कि हर्ष मीणा के मोबाइल की लोकेशन इटारसी के दयाल हास्पिटल वाले क्षेत्र में मिलने के बाद उसके परिजन यहां तलाश करने के लिए भी आये थे।

उनके परिजनों ने बताया था कि हर्ष घर से कम्प्यूटर क्लास जाने का कहकर निकला था, उसकी बाइक होरियापीपर के पास मिली थी।

शव मिलने के बाद से पुलिस काफी अहतियात बरत रही है, जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा है। पहले इटारसी में शव का पोस्टमार्टम होने की खबर थी, तो यहां भी टीआई गौरव बुंदेला के नेतृत्व में पुलिस बल पोस्टमार्टम कक्ष के पास लगाया गया था। फिलहाल पुलिस अधिकारी मामले में कुछ भी ज्यादा बोलने से बच रहे हैं। हर्ष रविवार से लापता था, देहात थाना नर्मदापुरम में उसकी गुमशुदगी दर्ज थी। सोशल मीडिया के माध्यम से भी उसकी फोटो देकर उसकी तलाश की जा रही थी। आज उसका शव मिला है।

### लाइफ की बैलेंस शीट के प्रॉफिट को समझें - गणेश कनाडे

**इटारसी।** आज राज्य आनंद संस्थान विभाग द्वारा जिला नर्मदापुरम के जिला पंचायत सभागार कक्ष में नर्मदापुरम की आगंनवाडी कार्यकर्ताओं हेतु एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अधिकारी नर्मदापुरम सुजान रावत जी के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवल करके और एक प्राथना से शुरू किया गया, प्राथना गीत कार्यकर्ताओं द्वारा गाया गया। तत्पश्चात सभी से उनका परिचय प्राप्त करके उनको आनंद की अनुभूति किससे होती है ये बताने के लिए बोला गया, और फिर मास्टर ट्रेनर सुमन सिंह द्वारा आनंद विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि क्यूँ मध्य प्रदेश सरकार ने इस विभाग का गठन किया। मास्टर ट्रेनर गणेश कनाडे द्वारा अपनी लाइफ की बैलेंस शीट को बनाकर कैसे अपनी जिन्दगी की खुद जांच कर सकते है कि वो एक स्वस्थ जीवन जी रहे है या परेशानियों से ग्रस्त होकर अपनी जिन्दगी जिए जा रहे है, उनके द्वारा चार प्रश्नों के माध्यम से उपस्तिथ सभी को अपनी लाइफ की बैलेंस शीट बनाने के लिए बताया गया जिससे उनको समझ आया कि कहाँ उनको अपनी जिन्दगी में बैलेंस बनाना है। कार्यक्रम के दुसरे सत्र में मास्टर ट्रेनर और कार्यक्रम समन्वयक सुमन सिंह के द्वारा रिश्तो पर बातचीत की गयी जिसमे उन्होंने इस बात की ओर सबका ध्यान खींचा कि आज की भागदौड भरी जिन्दगी में ये सोचे कि उनका कौन सा रिश्ता आज मधुर स्तिथि में है और कौन सा बिगड़ रहा है, एक चार्ट के माध्यम से उन्होंने सबको बताया कि आज वो इस रिश्ते के चार्ट के माध्यम से ये जाने कि उनको अपनी जिन्दगी में किस रिश्ते पर काम करना है और उसको हेल्थी बनांते हुए टूटने से बचाना है। सभी महिलाओं ने ये माना कि बिना रिश्ते के जीवन सूना है, और अगर वो सही रिश्ते में है तो स्वर्ग यही है और अगर रिश्ते अच्छे नहीं है तो नरक भी यही है। सभी महिलाओं ने ये प्रण लिया कि आज से वो अच्छा करने और मजबूत करने पर कार्य करेंगी, शांत समय लेकर वो अपनी जिन्दगी को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगी।



# भगवान झूलेलाल मेरी हर मुराद पूरी करते हैं -सबनानी

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 22 अगस्त** सिंधी समाज के बहुत बड़े हस्ताक्षर भगवान दास सबनानी विधायक बनने के बाद अल्प समय के लिए पहली बार इटारसी आए। इस अवसर पर ओवर ब्रिज तिराहे पर उनका स्वागत विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, पियुष शर्मा, अभिनेता राहुल चेलानी, गोपाल सिद्धवानी, महेश वलेचानी, मुकेश मैना, जोगिंदर सिंघ, संदेश पुरोहित, सन्नी छाबड़ा, सोनू परयानी, मनीष वसानी ओम सोनी, गौरव फुलवानी, नंदलाल चेलानी, सन्नी मेघानी, वासुदेव खुरानी, मुकेश मिहानी, दीपक मिहानी व भारी सं या में सामजिक बंधुओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाके आतिशबाज़ी से श्री सबनानी का स्वागत किया। श्री सबनानी सिन्धी कालोनी स्थित भगवान झूलेलाल मन्दिर में चल रहे चालिहा समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर पूज्य पंचायत के पदाधिकारियों, झूलण सेवा समिति व सामजिक बंधुओं द्वारा यहां पर भी शानदार स्वागत किया गया। वहीं श्री सबनानी व उनके साथ आए साथियों का शाल व श्रीफल से स मान किया गया। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में श्री सबनानी ने कहा कि मैं हर बार इटारसी के चालिहा समारोह में आता हूं और मेरी हर मुराद भगवान झूलेलाल पूरी करते हैं। मैं ऐसा कोई कार्य नहीं करूंगा जिससे कि समाज का नाम खराब हो। प्रसाद ग्रहण करने के बाद श्री सबनानी भोपाल रवाना हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा अभिनेता राहुल चेलानी, गोपाल सिद्धवानी व महेश वलेचानी द्वारा तैयार की गई।

इससे पूर्व रात 9 बजे भगवान श्रीझूलेलाल मंदिर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं पूर्व पार्षद मनीष सिंह ठाकुर पहुंचे, जहां विधायक डॉ. शर्मा एवं नपा अध्यक्ष श्री चौरे के साथ ही श्री ठाकुर द्वारा भगवान श्रीझूलेलाल की विशेष पूजन अर्चना कर आरती की गई।

# लोकसेवा केंद्र के संचालक पर 5 लाख रूपये का अर्थदण्ड लगाया

**दण्ड**

- प्रति आवेदन 250 रूपये के मान से कुल 2022 आवेदनों का 5 लाख 5 हजार 500 रूपये अर्थदंड लगाया.

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 22 अगस्त** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जाति प्रमाण-पत्र संबंधी आवेदनों का निराकरण समय सीमा में न करने पर लोक सेवा केन्द्र हरदा के संचालक नारायण पटेल पर प्रति आवेदन 250 रूपये के मान से कुल लंबित 2022 आवेदनों के लिये 5 लाख 5 हजार 500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया है। लोक सेवा केन्द्र संचालक को चेतावनी दी गई है कि जाति प्रमाण-पत्र विशेष अभियान-2023 के अंतर्गत लंबित इन आवेदनों को 30 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन दर्ज करते हुए संबंधित पदाभिहित अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिला प्रबन्धक नितिन वर्मा ने बताया कि निर्धारित समयावधि में आवेदन ऑनलाइन दर्ज नहीं करने की स्थिति में लोक अनुबंध निरस्त करते हुए सुरक्षा निधि राशि राजसात की जावेगी.

## वाहनों से 8000 रू. शुल्क वसूला

**हरदा** जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि त्यौहारी सीजन में निजी यात्री वाहनों द्वारा अधिक किराया वसूली व ओव्हरलोडिंग की शिकायतों के संबंध में गुरूवार को जिला परिवहन कार्यालय के सामने इंदौर हरदा नेशनल हाईवे पर जिला परिवहन कार्यालय के दल द्वारा विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया।

चैंकिंग के दौरान 20 वाहनों की चेक किया गया, जिसमें 10 निजी यात्री बसों एवं 1 स्कूल बस के विरूद्ध मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर शमन शुल्क 8000 का राजस्व वसूल किया गया।

# बम्हनगांव की गौशाला का संचालन करेगी नपा इटारसी



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 22 अगस्त** प्रशासन सड़क से गौवंशी हटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है, वरिष्ठ अधिकारी बैठकों में निर्देश दे रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत देखें तो काम की रफ्तार उतनी तेज नहीं है, जिसकी अपेक्षा की जा रही है। आज भी हाईवे पर मवेशियों की संख्या घट नहीं रही है। नगर पालिका इटारसी का एक दल रोज रात को मवेशियों को हटा रहा है, बावजूद इसके संख्या कम नहीं होना प्रयासों पर सवाल उठा रहा है। राज्य शासन ने भी प्रदेश में सभी कलेक्टर्स को अपने-अपने जिलों से निकलने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर से गौवंश को हटाने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन श्रीमती वीरा राणा ने कलेक्टर्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश में कहा है कि मध्य प्रदेश शासन इस विषय को लेकर बहुत गंभीर है, इसीलिए समस्त कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे तथा अन्य मार्गों पर आवारा मवेशी न पाए जाएं, इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाएं। सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर एनजीओ आदि अन्य समाजसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय कर पशुओं को हाईवे से हटा कर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करें। जिन स्थानों पर एवं गौशालाओं में गौवंश को स्थानांतरित किया जा रहा है उन स्थानों पर पशुओं के भोजन, साफ सफाई, पानी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारी इस संबंध में भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। श्रीमती राणा ने निर्देश दिए है कि गौवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसके लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों.

# बिजली समस्याओं के निराकरण हेतु भाकिसं की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी. 22 अगस्त** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नें बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु गुर्रा सबस्टेशन में उपमहाप्रबंधक श्री अंकुर मिश्रा के साथ बैठक कर समस्याओं से अवगत कराया। तहसील प्रवक्ता नरेन्द्र गौर नें बताया कि वर्तमान में तहसील क्षेत्र में बारिश का अभाव है ऐसी स्थिति में बिजली विभाग से ही किसान आशा कर रहा है कि सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो जाए, लेकिन उसमें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसके निराकरण हेतु डीई श्री अंकुर मिश्रा के साथ बैठक की है।

**ये है समस्याएं** - 1- किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त 10 घंटे बिजली सुनिश्चित की जाए। 2- गांवों में घरेलू बिजली की आपूर्ति 24 घंटे सुनिश्चित की जावे। 3- एग्रीकल्चर फीडर में लोड शेडिंग होती है तो उसके अंतराल की बिजली पृथक रूप से दी जावे। 4- जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्रता से बदले जावे। 5- समस्त गांवों के घरेलू केबल शीघ्रता से बदले जावे। 6- निर्माणाधीन सबस्टेशनों का निर्माण कार्य शीघ्रता से किया जावे। 7- गुर्रा सबस्टेशन के अंतर्गत अनेकों गांवों में वोल्टेज की समस्या का निराकरण किया जावे। डीई श्री अंकुर मिश्रा नें तत्काल निराकरण हेतु कहा. बैठक में उपमहाप्रबंधक नें तत्काल समस्याओं के निराकरण की बात कही। जले हुए ट्रांसफार्मर शीघ्रता से बदलनें एवं ट्रांसफार्मर्स के भार बढ़ानें का भी किसानों से कहा है। बैठक में भाकिसं की बिजली अधिकारियों के साथ बैठक में श्री अंकुर मिश्रा, भारतीय किसान संघ जिला सहमंत्री रजत दुबे आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का प्रकाशन 18 अक्टूबर को

**माखननगर** - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण 2025 का कार्यक्रम जारी किया गया है जिसमें मतदाताओं का सत्यापन 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किया जावेगा इसके अलावा मतदान केदो की व्यवस्था एपिक विसंगतियों को दूर करना धुंधली खराब गुणवत्ता हैं गैर मानवीय फोटो को बदलने का कार्य बीएलओ द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम के प्रथम चरण में मतदान केदो के हैडर फुटर की शुद्धियां पूर्ण कर कंट्रोल टेबल अध्ययन का कार्य होगा.

# भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की सफलता को दिखाती प्रदर्शनी श्री पाराशर ने लगायी



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 22 अगस्त** तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच चंद्रयान -3 के 1 मीटर आकार का विक्रम लैंडर का मॉडल आकाश से उतरता दिखा, इसमें लगे छोटे रॉकेट जलते हुये प्रयोग की रोचकता को बढ़ा रहे थे। साउंड इफेक्ट वास्तविक रॉकेट का अहसास करा रहा था। 35 सैकंड बाद प्रायोगिक लैंडर शिवशक्ति पाइंट पर उतरा। इसके साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की सफलता को दर्शक बच्चों तथा अतिथियों की तालियों के साथ याद किया। इस चलित मॉडल के साथ अनेक नवाचारी अंतरिक्ष मॉडल की स्पेस एक्जीबीशन का आयोजन इटारसी में वैज्ञानिक जागरूकता के लिये कार्यरत राजेश पाराशर द्वारा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने सॉफ्ट लैंडिंग के प्रयोग के साथ इस प्रदर्शनी की शुरूआत की। इसके बाद बच्चों के साथ प्रदर्शनी अवलोकन कर उन्होंने प्रथम यात्री के चंद्रमा पर पहुंचने से लेकर भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बारे में अपने स्वयं के अनुभवों को बच्चों को बताया। विगत एक दशक में भारतीय अंतरिक्ष सफलता को बताते हुये बच्चों को स्पेस साइंस के लिये प्रेरित किया। विशेष अतिथि इटारसी नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बच्चों के साथ इसरो की अन्य प्रस्तावित योजनाओं की चर्चा की।



# प्रतिदिन ई केवायसी के 100 प्रकरणों का निराकरण करें - कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम /22अगस्त** कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरूवार को ग्राम सांगाखेडा कलां के ग्राम पंचायत केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही लक्ष्य पूर्ति के लिए ई-केवाईसी के कम से कम प्रतिदिन 100 प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गांव में मुनादी करवाकर एवं सूचनाओं को चस्पा करवाकर लोगों को जागरूक किया जाए।

अभियान मोड में कार्य कर निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए तेज गति से कार्य किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही किए जाने पर संबंधित पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास में हितग्राहियों के लक्ष्य पूर्ति के दिए निर्देश कलेक्टर ने सांगाखेडा कलां में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की और कहा कि सभी ग्रामीणों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास अंतर्गत जिन हितग्राहियों को राशि जारी की जा चुकी है उन हितग्राहियों के आवास प्राथमिकता से पूर्ण कराएं जाएंगे। उन्होने संबंधित अधिकारी को आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहां उपस्थित अन्य ग्राम वासियों से भी चर्चा की। उपस्थित ग्राम वासियों ने बताया कि वे ई केवाईसी, नक्शा तरमीम आदि के प्रकरणों के लिए आए थे एवं उनका कार्य पूरा किया जा चुका है। पंचायत केंद्र पर उपस्थित एक वृद्ध महिला ने कलेक्टर से अभिलेख दुरुस्तीकरण करवाए जाने के लिए कलेक्टर से सहायता करने के लिए कहा जिस पर कलेक्टर ने वहां उपस्थित तहसीलदार को वृद्ध महिला के प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

# शासकीय आवास खाली न करने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/22,अगस्त** / नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने नर्मदापुरम जिले से स्थानांतरित हो चुके अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें आवंटित शासकीय आवास अब तक खाली न करने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए है। संभागायुक्त ने सभी विभाग प्रमुख को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि यदि उनके कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य जिले में हो चुका है और उसके पास नर्मदापुरम में शासकीय आवास है और उसे उन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने रिक्त नहीं किया है। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों के नाम संभागायुक्त कार्यालय को प्राथमिकता से प्रेषित किए जाए। संभागायुक्त ने कहा कि शासकीय आवास प्राप्त सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी जिन्होने सेवानिवृत्ति के पश्चात भी शासकीय आवास रिक्त नहीं किया है एवं अब तक शासकीय आवास पर अनाधिकृत रूप से रह रहें है। उनकी जानकारी भी प्राथमिकता से संभागायुक्त कार्यालय को प्रेषित की जाए। ताकि ऐसे स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी जो कि राजस्व की हानि पहुंचा रहें है उन पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जा सके। संभागायुक्त ने कहा कि स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त हुए ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों की जानकारी से संभागायुक्त कार्यालय को अवगत कराएंगे। जिन्होने नियम विरूद्ध तरीके से रहकर शासकीय आवास पर अभी तक कब्जा नही छोडा है। ऐसे कर्मचारियों की जानकारी न देने वाले विभाग प्रमुखों पर भी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## जन्माष्टमी पर 26 अगस्त को नाम निर्देशन नहीं होंगे जमा

**हरदा** इन दिनों मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत उपनिर्वाचन के तहत पंचायत पदाधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा रहे है। स्थानीय निर्वाचन के उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक डेहरिया ने बताया कि आगामी 26 अगस्त को जन्माष्टमी का सार्वजनिक अवकाश होने से मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही नहीं होगी।

# हरिशंकर परसाई जन्म शताब्दी समारोह का समापन



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 22 अगस्त** व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दी वर्ष का समापन समारोह आज उनकी जन्मस्थली जमानी में हुआ। व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का यह जन्मशताब्दी वर्ष था। कार्यक्रम में हरदा जिले के टिमरनी कस्बे से एक सांस्कृतिक यात्रा रहटगांव, सिवनी मालवा और बानापुरा होते हुए जमानी पहुंची। इस मौके पर विवेचना रंगमंडल, जबलपुर द्वारा परसाई की कहानियों पर केंद्रित नाटक का मंचन भी किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो अपूर्वानंद, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं प्र यात आलोचक, विचारक ने संबोधित करते हुए कहा कि परसाई ने एक आम आदमी की दृष्टि से किसी भी राजनीतिक विचारधारा को नहीं ब शा। चाहे वे मोरारजी देसाई रहे हों, जयप्रकाश नारायण रहे हों या फिर क युनिष्ट। प्रो.अपूर्वानंद ने उपस्थित जन से कहा कि आजादी के भारत को समझना है तो मुंशी प्रेमचंद को पढ़ें, और आजादी के बाद में भारत को साहित्य और कविता की दृष्टि से समझना है तो क्रमश: परसाई और बाबा नागार्जुन को पढ़ें। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा सहानुभूति की दृष्टि से तथा सत्ता को संदेह की दृष्टि से देखना चाहिए, यह परसाई के अवलोकन का तरीका है। राजेन्द्र शर्मा, पूर्व संपादक, वसुधा एवं राज्य अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ, राजीव कुमार शुक्ल, पूर्व निर्देशक, आकाशवाणी, वरिष्ठ कवि कुमार अंबुज, प्र यात कवि, परसाई स मान से विभूषित कहानीकार, शैलेन्द्र कुमार शैली, वरिष्ठ कवि और पूर्व महासचिव, तरुण गुहा नियोगी, महासचिव, प्रगतिशील लेखक संघ, अनीस कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, एकता परिषद, प्रो रेखा कस्तवार, वरिष्ठ कहानीकार, शिवशंकर मिश्र सरस प्र यात बघेली कवि, प्रकाश दुबे जबलपुर, सेवानिवृत्त आईएएस टीआर मीणा सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने श्री परसाई के स्मारक पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कश्मीर सिंह उप्पल ने नर्मदापुरम जिले को साहित्य की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि यहां माखनलाल चतुर्वेदी, पं. भवानी प्रसाद मिश्र और हरिशंकर परसाई जैसी साहित्यिक विभूतियों ने जन्म लिया है। स्वागत भाषण हेमंत दुबे ने दिया। संचालन सत्यम सागर ने तथा आभार प्रदर्शन तरुण गुहा नियोगी ने किया। आयोजन स्थल पर बालेन्दु परसाई बाप की एक प्रदर्शनी भी लगायी गयी. ग्राम पंचायत जमानी की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस टीआर मीणा को परसाई का साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर आयोजन समिति से श्रीमती कला बाई कमरे सरपंच ग्राम पंचायत जमानी, हेमन्त कुमार दुबे संयोजक आदि उपस्थित थे.



# दुर्घटनाओं को रोकने बायपास रोड पर स्पीड ब्रेकर और पेड़ छटाई की मांग

**मांगों का दिया ज्ञापन**

- आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन.

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 22 अगस्त** सिवनी मालवा तहसील की ग्राम पंचायत बराखड कलां एवं गाजनपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने नर्मदापुरम हरदा बायपास मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने और दोनों साइड के पेड़ की शीघ्र सफाई कराये जाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार नितिन राय एवं लोकनिर्माण विभाग कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण नितेश भारद्वाज सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि हरदा नर्मदापुरम बायपास रोड पर स्पीड ब्रेकर ना होने के कारण वाहन तेज गति से चलते हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। पिछले दो महीना में दुर्घटना होने के कारण दो लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। इस मार्गसर अनेक ग्राम जुड़े है और आवागमन निरन्तर होते रहता है। बाईपास से ग्राम बराखड कला की ओर जाने वाली मार्ग पर 300 मीटर की दूरी पर सरस्वती शिशु मंदिर और 500 मीटर की दूरी पर जीव ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल है। इन स्कूलों के बच्चों का भी आवागमन इसी मार्ग से होता है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडराते रहता है कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है। आये दिन हो रही घटनाओं को रोकने के लिए बायपास रोड पर स्पीड ब्रेकर और दोनों साइड के पेड़ की शीघ्र सफाई कराई जाए।

इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, अलताप लौवंशी, नितेश भारद्वाज, प्रिंस लौवंशी, शिवम् भारद्वाज, रितुराज लौवंशी, संदीप लौवंशी, रोहित गौर, नयन गौर, अमित मालवीय, विनीत लौवंशी, भरत गौर, उमेश लौवंशी, आदित्या, योगेश मालवीय, संतोष लौवंशी, पवन बडकुड, सुनील लौवंशी आदि उपस्थित थे।